# राष्ट्रिय सहकारी विकास निगम

(संसदीय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित सांविधिक निकाय)
4, सीरी इंस्टीटयूशनल एरिया, हौज़ खास, नई दिल्ली-110016

**विज्ञापन संख्या : 08/2024**

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पद को भरने के लिए अर्हक (पात्र) भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है । इस पद के अंतर्गत निगम के नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, यातायात भत्ता तथा अन्य लाभ दिए जाते हैं ।

| पद | पे स्तर तथा ग्रेड वेतन | पद की संख्या |
|---|---|---|
| वित्तीय सलाहकार | 7वें वेतन आयोग (CPC) वेतन मैट्रिक्स स्तर 13A (रु.131100-216600/-)<br>(पूर्व संशोधित पी०बी० 4 (रु.37400-67000/-) तथा ग्रेड पे 8900/- रूपये) | 1 (एक)<br>(अनारक्षित) |

**<u>कार्य विवरण</u>**

वित्तीय सलाहकार का पद निगम में एक वरिष्ठ स्तर का पद है । वह वित्तीय नीतियों के निर्माण/क्रियान्वयन, बजटीय नियंत्रण, ऋण संवितरण, बाजार उधारों, वार्षिक लेखों की तैयारी, लेखा परिक्षा आदि हेतु जिम्मेदार होंगे ।

**<u>शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं</u>**

i. सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए. तथा किसी प्रतिष्ठित सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी संगठन में वित्त/लेखा कार्यों में दायित्व के पद पर कार्य करने का 20 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम 10 वर्ष का अनुभव वरिष्ठ पद पर कार्य करने का होना चाहिए ।

ii. वित्तीय प्रबंधन की आधुनिक प्रणाली की जानकारी तथा सरकारी/अर्द्ध सरकारी के किसी वित्त प्रभाग में कार्य करने का अनुभव ।

**<u>वांछनीय</u>**

बैंक/वित्तीय संस्थाओं में कार्य करने का अनुभव

**<u>आयु</u>**

आयु सीमा : 50 वर्ष, भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य है।

जो उम्मीदवार उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करते हैं, वे स्वच्छ रूप में टंकित अपने आवेदन में निम्न विवरण देते हुए (i) नाम, (ii) जन्म तिथि, (iii) पत्राचार का पता, (iv) सम्पर्क फोन नं0, (v) किस श्रेणी से संबंधित हैं, (vi) शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यताएं, (vii) अनुभव के विवरण जिसमें (क) नियोक्ता का नाम, (ख) धारित पद, (ग) रोजगार की अवधि, (घ) कार्य का स्वरूप, (ड.) वेतनमान तथा वर्तमान मूलवेतन, (च) कुल आहरित वेतन, शामिल हों के साथ जन्मतिथि, शैक्षिक/व्यवसायिक योग्यताओं, अनुभव तथा अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अ0पि 0व0/पी०डब्लू०डी०, जैसी स्थिति हो, के प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों सहित नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो लगाएं ताकि वे इस विज्ञापन के **प्रकाशित होने के पश्चात् 15 जनवरी 2025 तक, निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, 4 सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, हौज खास, नई दिल्ली - 110016** के पास पहुंच जाएं ।

केन्द्रीय/राज्य सरकारों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के आवेदन उचित माध्यम से भेजे जाएं अथवा इन आवेदनों के साथ अनापत्ति प्रमाण लगाया जाए । अपूर्ण आवेदन तथा नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । निगम को योग्यता, अनुभव तथा उपयुक्तता के आधार पर उम्मीदवारों की लघु सूची बनाने का अधिकार होगा ।

**नोट:**

i) आयु सीमा एवं पात्रता आवेदन प्रपत्र की अंतिम तिथि के अनुसार तय की जाएगी।
ii) अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग/ पी०डब्लू०डी० के उम्मीदवार भारत सरकार के अतंर्गत पदों की नियुक्ति हेतु लागू निंधारित प्रपत्र में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ।
iv) निगम के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय विज्ञापन निरस्त करने तथा चयन प्रक्रिया रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
v) अधिक जानकारी के लिए एन.सी.डी.सी. वेबसाइट www.ncdc.in देखें।